# उत्तरांचल सर्विसेज हाऊसिंग एसोसिएशन, देहरादून।

ई–मेल : secyusha09@gmail.com
वेबसाइट : www.ushadoon.org
सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून–0135–2607608

दिनांक नवम्बर 29, 2015

---

दिनांक 29.11.2015 को पूर्वान्ह 1130 बजे उषा सोसाईटी के क्लब हाऊस में आहूत उषा कार्यकारणी समिति की गोष्ठी का कार्यवृत्त :–

**बैठक में उपस्थिति** :–

1– अध्यक्ष – श्री सुभाष जोशी
2– उपाध्यक्ष – श्री एल0एम0 पन्त
3– उपाध्यक्ष – श्री ए0के0 राना
4– सचिव – श्री एस0के0 शुक्ल
5– कोषाध्यक्ष – श्री आनन्द बर्द्धन
6– सदस्य – श्री अशोक कुमार

**विशेष उपस्थिति :–** ––––––

कार्यकारिणी के कोषाध्यक्ष श्री विजय कुमार एवं सदस्या श्रीमती शान्ता रविशंकर को कतिपय कारणों से उपस्थित से छूट प्रदान की गयी। विगत ए0जी0एम0 में पारित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए कार्यवाही हेतु विचार–विमर्श हुआ :–

सर्वप्रथम ए0जी0एम0 की कार्यवाही का कार्यवृत्त समस्त सदस्यों को रजिस्टर्ड डाक द्वारा एवं कालोनी में निवासरत सदस्यों को व्यक्तिगत तौर पर उसकी हार्ड कापी उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया।

**बिन्दु संख्या 01 –दिनांक–7.11.2015 को सम्पन्न वार्षिक गोष्ठी में लिये गये निर्णयों की समीक्षा एवं उन पर विचार विमर्श**

विगत ए0जी0एम0 दिनांकित 07.11.2015 में विचारित उल्लेखनीय बिन्दु, यथा वित्तीय स्थिति में सुधार, आपसी भाईचारा, पर्यावरण सुधार एवं आवश्यक सेवाओं में सुधार आदि पर कार्यकारिणी द्वारा इस वर्ष भी अमल किया जायेगा।

ए0जी0एम0 कार्यवृत्त के बिन्दु संख्या–8 में उल्लिखित भवन निर्माण सम्बन्धी मानकों की सुस्पष्ट रूपरेखा सचिव कार्यकारिणी द्वारा तैयार करके सभी कार्यकारिणी सदस्यों को सर्कुलेट की जायेगी ताकि अगली गोष्ठी में इस पर विचार–विमर्श हो सके। इसे अन्तिम–रूप प्रदान करने पर सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जायेगा।

सोसाइटी में कार्यरत स्टाफ के कल्याणार्थ प्रस्ताव प्राप्त होने पर कार्यकारिणी द्वारा विचारोपरान्त निस्तारण किया जायेगा।

कालोनी में बैंक–शाखा, एटीएम आदि स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में कार्यकारिणी द्वारा एसबीआई के डीजीएम से वार्ता कर अग्रिम कार्यवाही करने हेतु निर्णय लिया गया।

**बिन्दु संख्या 02 –नये कार्यकारिणी के सदस्यों का कार्य वितरण**

नये कार्यकारिणी सदस्यों को निम्नवत् कार्यवाही करने हेतु कार्य सौंपे गये–

1–श्री ए0के0 राना – प्लांटेशन एवं पार्कों के रखरखाव हेतु कार्यवाही
2–श्री एल0एम0 पन्त –शिकायती व कानूनी मामलों का निस्तारण
3–श्री अशोक कुमार –स्पोर्टस् सुविधाओं का रख–रखाव एवं सोसाइटी के खेल–कूद आयोजन

4–श्री आनन्द बर्द्धन–वित्तीय मामले व विद्युत, टेलिफोन/सड़क सम्बन्धी प्रकरणों का निस्तारण

5–श्रीमती शान्ता रविशंकर –महिला मामलों, सफाई व सांस्कृतिक–कार्यक्रमों से सम्बन्धित कार्यवाहियाँ

विगत एजीएम में प्रस्तावित महिला सदस्या के रूप में श्रीमती लीना पाण्डेय द्वारा असमर्थता व्यक्त की गयी थी अतः कार्यकारिणी में उनके स्थान पर श्रीमती पद्मा कुमारी मुरूगेशन का नाम सचिव द्वारा प्रस्तावित किया गया। कार्यकारिणी के उपस्थित सदस्यों द्वारा सहमति के उपरान्त श्रीमती मुरूगेशन को कार्यकारिणी में बतौर महिला सदस्य सम्मिलित किया गया।

**बिन्दु संख्या 03 –सदस्यों पर बकाया धनराशि के सम्बन्ध में विचार विमर्श**

सदस्यों पर बकाया धनराशि के सम्बन्ध में कार्यवाही करने हेतु सभी कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा अपने स्तर से प्रयास करने हेतु अपेक्षा की गयी। कोषाध्यक्ष द्वारा सभी बकायेदारों से सम्पर्क किया जायेगा एवं अतिशीघ्र सोसाइटी को देय धनराशि सोसाइटी के खाते में जमा कराई जायेगी।

**बिन्दु संख्या 04 –कतिपय सदस्यों द्वारा ब्याज पर की गयी आपत्ति के सम्बन्ध में**

इस सम्बन्ध में निर्णय लिया गया कि सोसाइटी की बकाया धनराशि पर ब्याज दर पूर्व से निर्धारित है अतः वर्तमान कार्यकारी वर्ष में भी पूर्ववत् विलम्ब शुल्क आदि लिया जायेगा।

**बिन्दु संख्या 05 –कालोनी में प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी रखे जाने के सम्बन्ध में**

एजीएम–2015 के कार्यवृत्त के बिन्दु संख्या–13 के क्रम में मात्र एक प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी से प्राप्त प्रस्ताव के मूल्यांकन/परीक्षण हेतु श्री अशोक कुमार को अग्रिम कार्यवाही करने हेतु दायित्व सौंपा गया एवं कृत कार्यवाही की समीक्षा अगली कार्यकारी गोष्ठी में रखे जाने की अपेक्षा की गयी।

कार्यकारिणी द्वारा गेट पर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने हेतु विचार किया गया। इस हेतु आम राय बनी। कालोनी के मुख्य गेट पर सीसीटीवी व्यवस्थापन हेतु आवश्यक धनराशि का आकलन प्रस्तुत करने हेतु भी श्री अशोक कुमार से अपेक्षा की गयी।

**बिन्दु संख्या 06 –कालोनी परिसर की सड़क पर 'सील–कोट' लगाने विषयक**

इस हेतु श्री आनन्द बर्द्धन द्वारा अवगत कराया गया कि सील–कोट का वर्तमान सैम्पल गुणवत्तायुक्त नहीं पाया गया है। अब इसे सर्दियाँ होने के कारण फिलहाल कराना सम्भव नहीं है। इस कार्य को आगामी वर्ष अप्रैल माह में आरम्भ किया जायेगा। इसके अनुमानित व्यय आदि का आकलन करने हेतु कोषाध्यक्ष को निर्देशित किया गया।

उपरोक्त के अतिरिक्त अध्यक्ष महोदय की अनुमति से निम्नलिखित बिन्दुओं पर भी विचारोपरान्त निर्णय लिये गये–

1– नये वर्ष की पूर्व सन्ध्या के आयोजन हेतु प्रत्येक प्रतिभागी सदस्य से ₹300/ अथवा प्रति परिवार ₹500/ का योगदान लिया जायेगा।

2– सोसाइटी की ओपेन किचन की सामाग्री रखने हेतु आलमारी खरीदने का निर्णय लिया गया। इस हेतु सचिव से अग्रिम कार्यवाही की अपेक्षा की गयी।

3– कालोनी की भूमि से सम्बन्धित मूल कागजात, जो वर्तमान में एसबीआई, देहरादून में जमा हैं, के सम्बन्ध में सचिव को कार्यवाही हेतु दायित्व दिया गया।

4– नये वर्ष के अवसर पर सभी सदस्यों को ग्रीटिंग–कार्ड द्वारा शुभ कामना संदेश भेजने हेतु निर्णय लिया गया। इस सम्बन्ध में सचिव अग्रिम कार्यवाही करेंगे।

5– सोसाइटी के क्लब में एक लाइब्रेरी की स्थापना एवं खेल का सामान, (चेस, कैरम इत्यादि) की व्यवस्था करने हेतु भी सहमति बनी। इस हेतु सचिव द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। इसे प्रारम्भ में करने हेतु इच्छुक सदस्यों से 'बुक–डोनेशन' एकत्र कर व्यवस्थित किया जायेगा। सचिव से अपेक्षाकी गयी कि वे क्ल–हॉल से सुमेलित आलमारियों का प्रबन्ध करायें ताकि सदस्यों से प्राप्त बहुमूल्य ग्रन्थ आदि सुरक्षित रह सकें। इस हेतु सभी सदस्यों को वेबसाइट के माध्यम से सूचित कर दिया जाये।

6– महिला आयोजनों हेतु श्रीमती शान्ता रविशंकर से महिला–आयोजनों का समन्वय करने की अपेक्षा की गयी।

7– सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्लाट संख्या–94 एवं 95 के पीछे सोसाइटी की उपलब्ध भूमि में सोसाइटी कार्यालय का निर्माण किया जायेगा। इस हेतु सचिव व्यय का आंकलन एवं भवन का प्रस्तावित नक्शा कार्यकारिणी समिति की अगली गोष्ठी में अनुमोदनार्थ/विचारार्थ प्रस्तुत करेंगे।

अन्त में अध्यक्ष द्वारा सभी सदस्यों का आभार व्यक्त कर गोष्ठी समाप्त की गयी।

–हस्ता0–

**(एस0के0 शुक्ल)**
**ऑनरेरी सचिव**
**उत्तरांचल सर्विसेज हाउसिंग एसोसिएशन,**
**देहरादून।**

प्रतिलिपि–1– समस्त सदस्यगण, उषा कार्यकारिणी, देहरादून।
2– सी0ए0 श्री रविन्द्र खण्डूजा